# CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL

**KANKE ROAD, RANCHI**

**Revision Assignment -1**

**Subject: Hindi** **Class: VIII**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।**

1) कारखाने में बच्चों का समूह क्या करता था? कारखाने के मालिक ने अपनी शान दिखाते हुए क्या तर्क दिए?
2) 'वरदान' कविता में कवि ने क्या-क्या वरदान चाहे हैं? अपने शब्दों में लिखिए।
3) पुरुषार्थ का अर्थ क्या है?पुरुषार्थी मनुष्य दूसरों से किस प्रकार भिन्न होता है?
4) न्यूटन के नौकर ने किस चार्ट को फाड़कर फेंक दिया? कागज़ के फट जाने पर क्या किया?
5) कलाम का बचपन कैसे बीता?और कलाम को अपने माता-पिता से कौन-से गुण विरासत में मिले थे?
6) साधु ने तावीज़ का प्रयोग किस पर किया था? उस पर तावीज़ के प्रयोग से क्या हुआ?
7) तावीज़ की जाँच करने के लिए राजा ने क्या किया तथा इकतीस तारीख को तावीज़ में से कौन-से स्वर निकल रहे थे?
8) कौन-सा बाग खून से सना हुआ बताया गया है? कवयित्री वसंत ऋतु को बाग में किस प्रकार आने के लिए कह रही है।
9) अग्नि मिसाइल का प्रक्षेपण कब और किस प्रकार किया गया?
10) नेहा के पास कौन आया और उसने नेहा को अपने साथ ले जाने का क्या कारण बताया?

**II. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**A.** क्षमा शोभती उस भुजंग को
जिसके पास गरल हो।
उसको क्या, जो दंतहीन
विषहीन विनीत सरल हो।
तीन दिवस तक पंथ मांगते
रघुपति सिंधु किनारे।
बैठे पढ़ते रहे छंद

अनुनय के प्यारे-प्यारे।
उत्तर में जब एक नाद भी
उठा नहीं सागर से
उठी अधीर धधक पौरुष की
आग राम के शर से।
सिंधु देह धर 'त्राहि-त्राहि'
करता आ गिरा शरण में।
सच पूछो तो शर में ही
बसती है दीप्ति विनय की
संधि-वचन संपूज्य उसी का
जिसमें शक्ति विजय की ।

**प्रश्न**

1) क्षमा करना किस भुजंग को शोभा देता है ?
2) समुद्र की मर्यादा बनाए रखने हेतु राम ने क्या किया?
3) समुद्र पर क्या असर हुआ?
4) 'त्राहि-त्राहि' करता हुआ कौन, किसके शरण में आया?
5) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**B.** जब बहुत सुबह चिड़िया उठकर,
कुछ गीत खुशी के गाती हैं।
कलियाँ दरवाज़े खोल-खोल,
जब झुरमुट से मुसकाती हैं।
खुशबू की लहरें जब घर से,
बाहर आ दौड़ लगाती हैं,
हे जग के सिरजनहार प्रभो!
तब याद तुम्हारी आती है!!
जब छम-छम बूंदें गिरती हैं,
बिजली चम-चम कर जाती है।
मैदानों में, वन-बागों में,
जब हरियाली लहराती है।
जब ठंडी-ठंडी हवा कहीं से,
मस्ती ढोकर लाती है।

हे जग के सिरजनहार प्रभो!

तब याद तुम्हारी आती है!!

**प्रश्न-**

1) सवेरे-सवेरे खुशी के गीत कौन गाती हैं ?
2) आसमान से क्या गिरती हैं ?
3) बिजली कैसे चमकती है ?
4) हरियाली कहां लहराने लगती है।
5) पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**III. पठित पाठ से आधारित भाव स्पष्ट कीजिए।**

**1)** 'प्रभो! विपत्तियों से रक्षा करो',
यह प्रार्थना लेकर मैं तेरे द्वार पर नहीं आया;
'विपत्तियों से भयभीत न होऊँ-
यही वरदान दे!

**2)** वायु चले, पर मंद चाल से उसे चलाना।
दुख की आहें संग उड़ाकर मत ले जाना
कोकिल गावे, किंतु राग रोने का गावे।
भ्रमर करे गुंजार, कष्ट की कथा सुनावे।।

**********